# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, राँची–834001

## प्रेस विज्ञप्ति

**राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखण्ड, राँची में सहायक निदेशक/वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2021) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा विज्ञापन संख्या–06/2021 के संबंध में सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार हेतु औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार हेतु प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित किया गया है।

पूर्व में निर्गत प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–09.02.2022 के माध्यम से Expert Commitee के प्रतिवेदन के आलोक में अभ्यर्थियों से कार्यानुभव तथा कम्प्यूटर सर्टिफिकेट संबंधी अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। वर्तमान में उस प्रेस विज्ञप्ति का संदर्भ देते हुए कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन समर्पित किये जा रहे हैं कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति में अंकित जिन अभ्यर्थियों के द्वारा कार्यानुभव/DCA संबंधी प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किया गया है अथवा विज्ञापन के अनुरूप नहीं है, उन्हें लिखित परीक्षा में सफल घोषित किया गया है।

इस संबंध में यह स्पष्ट करना है कि वर्णित प्रेस विज्ञप्ति Expert Commitee के अंतरिम प्रतिवेदन (Interim Report) के आधार पर प्रकाशित कर अभ्यर्थियों को पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। तदुपरान्त प्रशासी विभाग से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में गठित विशेषज्ञ समिति के द्वारा लिए गये अंतिम निर्णय के आधार पर लिखित परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया है।

2. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।